चंडीगढ़, शनिवार 13 जनवरी, 2024 | 3

दैनिक भास्कर

## न्यूज़ ब्रीफ

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर मनाई लोहड़ी



चंडीगढ़ | राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर जीसीसीबीए-50 में जेंडर सेंसटाइजेशन सोसायटी, जागृति और एनएसएस यूनिट ने गर्ल चाइल्ड की लोहड़ी कॉलेज कैंपस और अडॉप्ट किए गांव कजेहड़ी में मनाई। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. संगम कपूर भी मौजूद रहीं। पूरे टीचिंग स्टाफ ने आसपास के क्षेत्रों की जरूरतमंद बच्चियों को ऊनी कपड़े और मिठाई बांटी।

22/02/2024

www.punjabkesari.in

## रक्तदान शिविर लगाया

चंडीगढ़, 21 फरवरी (आशीष) : सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कालेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन में एन.एस.एस. इकाई, रक्तदान सोसायटी और रैड रिबन क्लब, रैड क्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाऊंडेशन और सैक्टर-32 स्थित जी.एम.सी.एच. के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। प्राचार्य डॉ. संगम कपूर नेक कार्य को करने के लिए कर्मचारियों, छात्र स्वयंसेवकों और बाहरी लोगों को प्रेरित किया। लगभग 100 पंजीकृत दानदाताओं ने भाग लिया। शिविर में से कुल 55 कर्मचारियों, छात्रों ने रक्त किया।

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | THURSDAY | 22 FEBRUARY 2024

## BLOOD DONATION CAMP HELD

A total of 55 units of blood were collected at the blood donation camp organised at the college by the NSS units, Blood Donation Society and Red Ribbon Club of the college.

Sangam

चंडीगढ़, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 | 4
दैनिक भास्कर

# 55 स्टूडेंट्स व स्टाफ सदस्यों सहित 100 ने किया रक्तदान

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़



सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की एनएसएस इकाइयों, ब्लड डोनेशन सोसाइटी और रेड रिबन क्लब ने रेड क्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाउंडेशन, पंचकूला हरियाणा और जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ के सहयोग से कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 100 लोगों ने रक्तदान किया। इनमें से 55 कर्मचारियों, छात्रों और स्वयंसेवक थे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगम कपूर ने लोगों को इस नेक काम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रक्तदाताओं के प्रयासों की सराहना की और प्रमाण पत्र और उपहार भेंट किए। इसके अलावा विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने रक्तदानियों के लिए जलपान की व्यवस्था और उन्हें उपहार प्रदान किए।

la.com/chandigarh चंडीगढ़ | वीरवार • 22.02.2024
अमर उजाला '06

# सेक्टर-50 के कॉलेज में 55 छात्रों ने किया महादान

चंडीगढ़। विश्वास फाउंडेशन की ओर से बुधवार को सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 में रक्तदान शिविर लगाया गया।

एनएसएस इकाइयों, ब्लड डोनेशन सोसाइटी और रेड रिबन क्लब के सहयोग से आयोजित शिविर में 55 छात्रों ने रक्तदान किया। शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी ने भी सहयोग किया। रक्तदान की प्रक्रिया जीएमसीएच-32 के ब्लड बैंक की टीम की देखरेख में संपन्न हुई।



शिविर में रक्तदान करते विद्यार्थी। अमर उजाला

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संगम कपूर ने स्टाफ, छात्र स्वयंसेवकों और बाहरी लोगों को इस नेक काम के लिए प्रेरित किया। ब्यूरो

दैनिक भास्कर चंडीगढ़, शनिवार 24 फरवरी, 2024

# शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित



चंडीगढ़| जीसीसीबीए-50 की एनएसएस यूनिट, ब्लड डोनेशन सोसायटी और रेड रिब्बन क्लब ने रेड क्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और जीएमसीएच-32 के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संगम कपूर ने सभी को इस नेक कार्य में योगदान के लिए प्रेरित किया। कैंप में 100 लोगों ने पंजीकरण किया था। इस दौरान 55 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। डोनर्स को रिफ्रेशमेंट्स और सर्टिफिकेट दिए गए।

चंडीगढ़ केसरी
मंगलवार TUESDAY, 27 फरवरी 2024

# साइबर क्राइम और आत्मरक्षा बारे किया जागरूक

चंडीगढ़, 26 फरवरी (आशीष): सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कालेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन में सात दिवसीय विशेष एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नेमी चंद ने किया। प्राचार्य डॉ. संगम कपूर और स्टाफ सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

शिविर की शुरूआत के अवसर पर एक पारंपरिक सांस्कृतिक प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने कौशल प्रशिक्षण के विभिन्न उपसमूहों में विभाजित किया गया था। शिविर में साइबर क्राइम, योग, आत्मरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जागरूक किया।



सैक्टर-50 स्थित जी.सी.सी.बी.ए. में एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि।

दैनिक भास्कर
चंडीगढ़, बुधवार 28 फरवरी, 2024 | 03

# जीसीसीबीए-50 में एनएसएस कैंप शुरू

चंडीगढ़| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन-50 में सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर एनएसएस के स्टेट लायजन ऑफिसर डॉ. नेमी चंद चीफ गेस्ट थे। वॉलंटियर्स को स्किल ट्रेनिंग के विभिन्न सबग्रुप्स में बांटा गया था। इनमें साइबरक्राइम, योगा, सेल्फ डिफेंस और फर्स्ट एड शामिल थे।

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 8 MARCH 2024

## GCCBA, CHANDIGARH

Principal Sangam Kapoor inaugurated the inter-college cultural fest 'PARWAZ-e-GCCBA' at Govt College of Commerce & Business Admn, Chandigarh today. Over 270 participants from various colleges and universities in the Tricity participated in the festival.

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024

# पिच वेंचर, माइंड फ्रीक्स, स्क्रीन बैटल में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा



**चंडीगढ़|** पीजीजीसी-11 में प्रोफेशनल स्टडीज विभाग ने एनुअल फेस्ट-बिजटेक 2024 आयोजित किया। यह विभाग का एनुअल बिजनेस और टेक्नोलॉजी इंटर कॉलेज फेस्टिवल है। वेस्ट प्रो, पिच वेंचर, माइंड फ्रीक्स, स्क्रीन बैटल आदि में विभिन्न कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफ. डॉ. पूनम अग्रवाल ने विनर्स को प्राइज दिए। प्रिंसिपल ने विभाग के हेड और ऑर्गेनाइजर डॉ. एमएल शर्मा को भविष्य में भी ऐसे इवेंट आयोजित करने के लिए कहा।

23/03/2024

www.punjabkesari.in



सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कालेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की छात्र काऊंसिल ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कालेज की छात्र काऊंसिल के सदस्यों और छात्रों ने शिरकत की।

amarujala.com/chandigarh
चंडीगढ़ | सोमवार • 25.03.2024



सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में होली खेलते विद्यार्थी। अमर उजाला

# जीसीसीबीए-50 के विद्यार्थियों ने खेली होली, एक-दूसरे पर डाला गुलाल

चंडीगढ़। सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के विद्यार्थियों ने परिसर में होली मनाई। विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित रंगारंग उत्सव में सबने जमकर एक-दूसरे पर गुलाल उड़ेला और होली का जश्न मनाया। विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने मिलकर होली खेली। पहले रंगों से और फिर पानी से दोस्तों ने होली खेली और कॉलेज परिसर में उत्सव भरा माहौल रहा। ब्यूरो

Pooja

29/03/2024

College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh, organized a One Day National Seminar sponsored by the College Development Council, Panjab University, Chandigarh, centered on the theme "The Current State and Outlook of Financial Markets in India." Under the adept guidance of Dr. Sangam Kapoor, Principal cum Chief Patron of the event, the seminar brought together eminent personalities and experts in the field of finance.



The seminar featured distinguished Chief Guests for technical Session-I and Session-II: Prof. Dr. Sanjay Kaushik from University Business School, Panjab University, Chandigarh, and Prof. Dr. Keshav Malhotra, Dean of Faculty of Business Studies, Panjab University, Chandigarh, respectively. Dr. Tejinderpal Singh from University Business School, Panjab University, Chandigarh, and Dr. Amar Preet Singh Sijjher chaired technical Session-I, while Prof. Dr. B.B. Goyal from University Business School, Panjab University, Chandigarh, and Dr. Amandeep Verma, Associate Professor cum Chairperson from the Central University of Haryana, chaired technical session–II. Dr. Mukesh Chouhan from Postgraduate Government College, Sector -46, Chandigarh, delivered the keynote address during the inaugural session.

Dr. V. Magesh, Vice Principal cum Organizing Secretary of the seminar, introduced the Chief Guest, and Dr. Subina Syal, Co-organizing Secretary of the seminar, expressed gratitude in the vote of thanks. The seminar aimed to foster quality research and provide a platform for researchers, academicians, industry executives, and entrepreneurs to exchange insights on finance-related topics. Participants engaged in technical sessions covering various interdisciplinary themes such as Global Financial Markets and Instruments, Trading Strategy in Emerging Markets, Behavioral Finance, Development Finance, Financial Inclusion, Banking and Financial Stability, Derivatives, and Financial Literacy. Approximately 60 participants registered for the seminar, contributing to vibrant discussions and knowledge sharing. The students of the college benefited a lot from this seminar.

# जीसीसीबीए-50 के छात्र उत्सव की भावना में डूबे, उत्साह के साथ होली मनाई

आज समाज नेटवर्क



चंडीगढ़। जीसीसीबीए-50 में होली के जीवंत रंग जीवंत हो उठे जब छात्रों ने सौहार्द और उत्सव की भावना का आनंद लिया। विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित, एक रंगारंग उत्सव ने इस अवसर को चिह्नित किया, जिससे कॉलेज समुदाय के बीच खुशी और एकता फैल गई।

हर्षोल्लास भरे माहौल के बीच, छात्र होली का हर्षोल्लासपूर्ण त्योहार मनाने के लिए कॉलेज गेट के बाहर एकत्र हुए। जीवंत रंगों की फुहारों ने वातावरण को सुशोभित कर दिया और वातावरण हँसी-मजाक से भर गया। यह विशुद्ध प्रसन्नता का क्षण था जब छात्रों ने हार्दिक शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया और एक-दूसरे को रंग लगाए, जो एकजुटता और सद्भाव का प्रतीक था।

यह आयोजन न केवल खुशी और उत्सव की भावना लेकर आया बल्कि जीसीसीबीए-50 के भीतर समुदाय की मजबूत भावना को भी बढ़ावा मिला। विभिन्न पृष्ठभूमियों से छात्र उत्सव में भाग लेने के लिए एक साथ आए, बाधाओं को पार किया और होली की सांस्कृतिक समृद्धि को अपनाया।

जैसे ही रंग हवा में नाच रहे थे और पूरे परिसर में हंसी गूंज रही थी, जीसीसीबीए-50 में होली उत्सव ने खुशी के क्षणों को संजोने और दोस्ती के बंधन को बढ़ावा देने के महत्व की याद दिलाई।



सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में होली खेलते विद्यार्थी। अमर उजाला

## जीसीसीबीए-50 के विद्यार्थियों ने खेली होली, एक-दूसरे पर डाला गुलाल

चंडीगढ़। सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के विद्यार्थियों ने परिसर में होली मनाई। विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित रंगारंग उत्सव में सबने जमकर एक-दूसरे पर गुलाल उड़ेला और होली का जश्न मनाया। विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने मिलकर होली खेली। पहले रंगों से और फिर पानी से दोस्तों ने होली खेली और कॉलेज परिसर में उत्सव भरा माहौल रहा। ब्यूरो



ਜੀ.ਸੀ.ਸੀ.ਬੀ.ਏ ਸੈਕਟਰ-50 ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਰੰਗ ਲਗਾ ਕੇ ਹੋਲੀ ਦੇ ਤਿਉਹਾਰ ਦੀ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਸਾਂਝੀ ਕਰਦੇ ਹੋਏ। ਤਸਵੀਰ : ਗੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ

# ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਧੂਮਧਾਮ ਨਾਲ ਮਨਾਈ ਹੋਲੀ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 24 ਮਾਰਚ (ਅਜਾਇਬ ਸਿਘ ਔਜਲਾ)- ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜ ਆਫ਼ ਕਾਮਰਸ ਐਂਡ ਬਿਜਨਸ ਐਡਮਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਸੈਕਟਰ 50 ਵਲੋਂ ਹੋਲੀ ਦੇ ਗੂੜ੍ਹੇ ਰੰਗ ਜ਼ਿੰਦਾ ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਜਦੋਂ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਦੋਸਤੀ ਅਤੇ ਤਿਉਹਾਰ ਦੀ ਭਾਵਨਾ ਦੇ ਇਸ ਤਿਉਹਾਰ ਨਾਲ ਆਨੰਦ ਲਿਆ। ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਕੌਂਸਲ ਦੁਆਰਾ ਆਯੋਜਿਤ ਇੱਕ ਰੰਗਾ-ਰੰਗ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਨਾਲ ਕਾਲਜ ਭਾਈਚਾਰੇ ਵਿੱਚ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਅਤੇ ਏਕਤਾ ਦਾ ਸੰਦੇਸ਼ ਵੀ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਹੋਲੀ ਦਾ ਤਿਉਹਾਰ ਮਨਾਉਣ ਲਈ ਕਾਲਜ ਦੇ ਗੇਟ ਦੇ ਬਾਹਰ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਦੇ ਮਾਹੌਲ ਵਿਚ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਇਕੱਠੇ ਹੋਏ। ਭੜਕੀਲੇ ਰੰਗਾਂ ਨੇ ਮਾਹੌਲ ਨੂੰ ਹੋਰ ਵੀ ਖ਼ੂਬਸੂਰਤ ਬਣਾਇਆ। ਇਹ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਦੇ ਪਲ ਵਿਚ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਏਕਤਾ ਅਤੇ ਸਦਭਾਵਨਾ ਦਾ ਪ੍ਰਤੀਕ, ਨਿੱਘੀਆਂ ਸ਼ੁਭਕਾਮਨਾਵਾਂ ਦਾ ਆਦਾਨ-ਪ੍ਰਦਾਨ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਇਕ ਦੂਜੇ ਨੂੰ ਰੰਗ ਨਾਲ ਇਕ ਦੂਜੇ ਪ੍ਰਤੀ ਸਨੇਹ ਪ੍ਰਗਟਾਇਆ। ਵੱਖ-ਵੱਖ ਪਿਛੋਕੜਾਂ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀ, ਰੁਕਾਵਟਾਂ ਨੂੰ ਪਾਰ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਅਤੇ ਹੋਲੀ ਦੀ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਅਮੀਰੀ ਨੂੰ ਗਲੇ ਲਗਾ ਕੇ ਤਿਉਹਾਰਾਂ ਵਿਚ ਹਿੱਸਾ ਲੈਣ ਲਈ ਇਕੱਠੇ ਹੋਏ ਅਤੇ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਦੇ ਪਲਾਂ ਦੀ ਕਦਰ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਦੋਸਤੀ ਦੇ ਬੰਧਨ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਕਰਨ ਦੀ ਮਹੱਤਤਾ ਦੀ ਯਾਦ ਤਾਜ਼ਾ ਕੀਤੀ।

ਅਜੀਤ
25-Mar-2024
Page: 5



जीसीसीबीए-50 में होली मनाते हुए विद्यार्थी। (छाया : गुरिंद्र सिंह)

# जीसीसीबीए-50 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाई होली

चंडीगढ़, 24 मार्च (विशेष संवाददाता): जीसीसीबीए-50 में होली के जीवंत रंग जीवंत हो उठे जब छात्रों ने सौहार्द और उत्सव की भावना का आनंद लिया। विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित, एक रंगारंग उत्सव ने इस अवसर को चिह्नित किया, जिससे कॉलेज समुदाय के बीच खुशी और एकता फैल गई। हर्षोल्लास भरे माहौल के बीच, छात्र होली का हर्षोल्लास पूर्ण त्योहार मनाने के लिए कॉलेज गेट के बाहर एकत्र हुए। जीवंत रंगों की फुहारों ने वातावरण को सुशोभित कर दिया और वातावरण हँसी-मजाक से भर गया। यह विशुद्ध प्रसन्नता का क्षण था जब छात्रों ने हार्दिक शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया और एक-दूसरे को रंग लगाए, जो एकजुटता और सद्भाव का प्रतीक था। यह आयोजन न केवल खुशी और उत्सव की भावना लेकर आया बल्कि जीसीसीबीए-50 के भीतर समुदाय की मजबूत भावना को भी बढ़ावा मिला। विभिन्न पृष्ठभूमियों से छात्र उत्सव में भाग लेने के लिए एक साथ आए, बाधाओं को पार किया और होली की सांस्कृतिक समृद्धि को अपनाया। जैसे ही रंग हवा में नाच रहे थे और पूरे परिसर में हंसी गूंज रही थी, जीसीसीबीए-50 में होली उत्सव ने खुशी के क्षणों को संजोने और दोस्ती के बंधन को बढ़ावा देने के महत्व की याद दिलाई।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
25-Mar-2024
Page: 5
http://www.ajitsamachar.com/20240325/20/5/1_1.cms

चंडीगढ़, शनिवार, 23 मार्च, 2024 | 5
दैनिक भास्कर

## जीसीसीबीए-50 के स्टूडेंट्स काउंसिल ने कॉलेज में मनाई होली



**चंडीगढ़** | जीसीसीबीए-50 की स्टूडेंट काउंसिल ने शुक्रवार को कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए होली सेलिब्रेशन आयोजित की। स्टूडेंट्स ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।

01/04/2024

II www.punjabkesari.in चंडीगढ़ केसरी

# कॉलेजों में रैगुलर प्रिंसीपल नियुक्त करने के आदेश

## पंजाब विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार ने जारी किया पत्र

चंडीगढ़, 31 मार्च (आशीष): पंजाब विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार कालेज की ओर से सरकारी और प्राइवेट कालेजों की मैनजमैंट को पत्र जारी करके रैगुलर प्रिंसीपल नियुक्त करने को कहा है।




डिप्टी रजिस्ट्रार ने जारी पत्र के माध्यम से कहा है कि जो कालेज नियमित प्राचार्यों के बिना चल रहे हैं वह नियमित प्रिंसीपल नियुक्त करें। पत्र में संबंधित कॉलेजों के प्रबंधन को चंडीगढ़/यू.जी.सी./पंजाब सरकार के नियमों के अनुसार चुनाव संहिता समाप्त होने के 20 दिनों के भीतर प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। चुनाव संहिता चार जून को समाप्त होने जा रही है। सैक्टर-32 स्थित क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान में प्रिंसीपल नियुक्त नहीं हैं।

## अभी यह हैं कार्यवाहक प्रिंसीपल

चंडीगढ़ कालेज ऑफ आर्कीटैक्चर में डॉ. संगीता बग्गा मेहता, सैक्टर-10 स्थित डी.ए.वी. कालेज में रीटा जैन, सैक्टर-10 स्थित इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट डी.ए.वी. कालेज में राजीव खोसला, सैक्टर-36 स्थित देव समाज कालेज एजुकेशन में ऋचा शर्मा, सैक्टर-23 गवर्नमैंट कालेज फॉर योगा एजुकेशन में महेंदर सिह, सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कालेज ऑफ कामर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन संगम कपूर और सैक्टर-20 स्थित गवर्नमैंट कालेज ऑफ एजुकेशन सपना नंदा अभी कार्यवाहक प्रिंसीपल हैं।

11/04/2024

www.punjabkesari.in

चंडीगढ़ केसरी

# प्लेसमैंट ड्राइव : 22 कंपनियों ने लिया हिस्सा, 230 छात्र किए शॉर्टलिस्ट




चंडीगढ़, 10 अप्रैल (आशीष) : सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन में प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रिंसीपल डा. संगम कपूर और डीन डॉ. अमरप्रीत एस. सिझेर के मार्गदर्शन में यह ड्राइव हुई। कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया में 22 नामी कंपनियों ने हिस्सा लिया। भर्ती प्रक्रिया में साक्षात्कार और मूल्यांकन के कई दौर शामिल थे। ड्राइव के दौरान कुल 230 छात्रों को प्लेसमैंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

23/04/2024

www.punjabkesari.in

## 20 छात्र शॉर्टलिस्ट

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (आशीष): सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन में प्रिंसीपल डॉ. संगम कपूर और डीन डॉ. अमरप्रीत एस. सिझेर की अध्यक्षता में प्रशिक्षण, प्लेसमैंट और परामर्श कक्ष की ओर से प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। एल्क्लरक्स और एस्केलॉन ने प्लेसमैंट के लिए 20 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया।

# Highlights from GCCBA-50 Chandigarh's 14th Annual Athletic Meet

TDG NETWORK
CHANDIGARH

Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh celebrated its 14th Annual Athletic Meet with zeal and enthusiasm, which was declared OPEN by the Principal of College, Dr. Sangam Kapoor. She, along with the staff and students of the college, welcomed the Chief Guest for the day, Shri Chander Bhushan Ojha, Chief Engineer, Engineering Department, Chandigarh Administration. She exhorted the sportspersons to "compete with honour, cheer with enthusiasm, and above all, let us cherish the bonds of friendship and unity that unite us as one college community."

Dr. Amarpreet S. Sijher, Dean, and Convener (Sports) read the annual report of the Sports Department, highlighting the achievements during the current session.

On this occasion, various track events, team events, field events, and fun games were organised. The special event of the day included the demonstration of Sikh Martial Art Gatka before the Chief Guest.

The Chief Guest, in his address to the sportspersons, asked them to "showcase their skills, push their limits, and embrace the thrill of victory and the lessons of defeat." He distributed certificates, medals, and trophies to the winners. He blessed all the participants and assured the students that he would make the best possible efforts to meet the infrastructural needs of the college.

Kanchan Kumari of BCA Second year (girls) and Aman Singh Rawat of BCA First year (boys) were declared the overall best athletes. At the end, Dr. V. Magesh, Vice Principal of the College, presented the vote of thanks.

# 14th Annual Prize Distribution Function held at GCCBA, Chandigarh

RAMESH GOYAT
CHANDIGARH



The 14th Annual Prize Distribution Function took place today at the Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh. It was graced by the esteemed presence of Prof. (Dr.) Sanjay Kaushik, a distinguished figure in academia serving as a Professor at University Business School, Panjab University. Dr. Kaushik also serves as the Dean of the College Development Council and holds the position of Honorary Director at the ICSSR-North Western Regional Centre in Chandigarh.

Welcoming Dr. Kaushik was the Principal of the College, Dr. Sangam Kapoor, along with Dr. Amar Preet Singh Sigher, the Dean, Dr. V. Magesh, the Vice Principal, Dr. Bikramjit Kaur, the Bursar, and the staff of the college. Dr. Sangam Kapoor, in her capacity as the Principal, presented the Annual Report of the college, eloquently outlining the significant achievements of the staff and students throughout the academic session of 2023-2024.

In his address, Dr. Sanjay Kaushik underscored the importance of cultivating life skills and values alongside academic pursuits. His emphasis on holistic education resonated with the audience, highlighting the imperative of preparing students not only for their professional endeavors but also for the challenges and opportunities life presents beyond the classroom. This holistic approach reinforces the intrinsic value of hard work and perseverance in attaining success, encapsulating both academic excellence and personal growth. 17 students were awarded with the Roll of Honour for their exceptional contributions in academics, sports, and cultural activities, while 41 students were awarded the prestigious College Colour, and 68 students received the Certificate of Merit for their outstanding achievements in various spheres including academics, sports, NSS, and co-curricular activities.

दैनिक भास्कर
चंडीगढ़ भास्कर

# जीसीसीबीए -50 में 126, पीजीजीसी

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

जीसीसीबीए-50 का एनुअल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम शुक्रवार को हुआ। पंजाब यूनिवर्सिटी के यूबीएस में प्रोफेसर (डॉ.) संजय कौशिक इस मौके पर चीफ गेस्ट थे। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संगम कपूर ने कॉलेज की एनुअल रिपोर्ट पढ़कर एकेडमिक सेशन 2023-2024 में स्टाफ और स्टूडेंट्स की अचीवमेंट्स के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान 17 स्टूडेंट्स को एकेडमिक्स, स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज में बेहतरीन योगदान के लिए रोल ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं 41 को कॉलेज कलर और 68 स्टूडेंट्स को एकेडमिक्स, स्पोर्ट्स, एनएसएस और को-कुरिकुलर एक्टिविटीज में अच्छी परफॉर्मेंस के लिए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट दिया गया।

# Government college of commerce and business administration

THE AMAN SANDESH TIMES



**Chandigarh** : The 14th Annual Prize Distribution Function took place today at the Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh. It was graced by the esteemed presence of Prof. (Dr.) Sanjay Kaushik, a distinguished figure in academia serving as a Professor at University Business School, Panjab University. Dr. Kaushik also serves as the Dean of the College Development Council and holds the position of Honorary Director at the ICSSR-North Western Regional Centre in Chandigarh. Welcoming Dr. Kaushik was the Principal of the College, Dr. Sangam Kapoor, along with Dr. Amar Preet Singh Sijher, the Dean, Dr. V. Magesh, the Vice Principal, Dr. Bikramjit Kaur, the Bursar, and the staff of the college. Dr. Sangam Kapoor, in her capacity as the Principal, presented the Annual Report of the college, eloquently outlining the significant achievements of the staff and students throughout the academic session of 2023-2024.

Inhisaddress,Dr. SanjayKaushik underscored the importance of cultivating life skills and values alongside academic pursuits. His emphasis on holistic education resonated with the audience, highlighting the imperative of preparing students not only for their professional endeavors but also for the challenges and opportunities life presents beyond the classroom. This holistic approach reinforces the intrinsic value of hard work and perseverance in attaining success, encapsulating both academic excellence and personal growth.

17 students were awarded with the Roll of Honour for their exceptional contributions in academics, sports, and cultural activities, while 41 students were awarded the prestigious College Colour, and 68 students received the Certificate of Merit for their outstanding achievements in various spheres including academics, sports, NSS, and co-curricular activities.

Concluding the event on a note of gratitude, Dr. V. Magesh, Registrar (Examination), extended heartfelt congratulations to all the students for their remarkable accomplishments. The ceremony concluded with the rendition of the Indian National Anthem, symbolizing unity and pride in the achievements of the institution and its students.

दैनिक भास्कर चंडीगढ़ भास्कर 02-05-2024

# फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को दी विदाई



चंडीगढ़| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 में बीकॉम फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को विदाई देने के लिए पार्टी का आयोजन किया है। स्टूडेंट काउंसिल की ओर से कार्यक्रम की शुरुआत प्रेसिडेंट साहिल सिंगला ने की। उन्होंने कॉलेज के डीन और टीचर्स को गुलदस्ता दिया। रैंप वॉक मॉडलिंग और डांस जैसे कार्यक्रम हुए। मिस फेयरवेल का खिताब मिस मानवी बंगा को मिला जबकि मिस्टर गगनदीप सिंह को मिस्टर फेयरवेल के रूप में चुना गया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.संगम कपूर ने सभी को विदाई दी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

# कॉमर्स एंड बिजनैस कॉलेज में 14वीं वार्षिक एथलैटिक मीट करवाई

सवेरा न्यूज/नीना शर्मा

चंडीगढ़,5 अप्रैल : गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सैक्टर 50 ने अपनी 14वीं वार्षिक एथलेटिक मीट जोश और उत्साह के साथ मनाई। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.संगम कपूर ने मीट को कॉलेज के कर्मचारियों और छात्रों के साथ ओपन घोषित किया। प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य अभियंताचंद्रभूषण ओझा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की । उन्होंने खिलाडियों से आह्वान किया कि वे सम्मान के साथ प्रतिस्पर्धा करें, उत्साह के साथ जयकार करें और सबसे ऊपर, आइए दोस्ती और एकता के बंधन को संजोएं जो हमें एक कॉलेज समुदाय के रूप में एकजुट करता है। डॉ. अमरप्रीत एस. सिजेर, डीन और संयोजक खेल ने खेल विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें वर्तमान सत्र के दौरान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विभिन्न ट्रैक इवेंट, टीम इवेंट, फील्ड इवेंट और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। दिन के विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के समक्ष सिख मार्शल आर्ट गतका का प्रदर्शन शामिल था। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को अपने संबोधन में उनसे कहा कि अपने कौशल का प्रदर्शन करें, अपनी सीमाओं से आगे बढ़ें, और जीत के रोमांच और हार के सबक को अपनाएं। उन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र, पदक और ट्राफियां वितरित कीं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया और छात्रों को आश्वासन दिया कि वह कॉलेज की ढांचागत जरूरतों को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम संभव प्रयास करेंगे। बीसीए द्वितीय वर्ष लड़कियां की कंचन कुमारी और बीसीए प्रथम वर्ष लडके के अमन सिंह रावत को समग्र सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। अंत में कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. वी. मगेश ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



एथलीट मीट के विजेता और कॉलेज प्रिंसिपल

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 12 APRIL 2024

# CAMPUS PLACEMENT DRIVE AT GCCBA

The training, placement and counselling cell at the Government College of Commerce and Business Administration (GCCBA), Sector 50, organised a campus placement drive. A total of 22 companies participated in the event, and 230 students were shortlisted for placements.

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 12 APRIL 2024

## CAMPUS PLACEMENT DRIVE AT GCCBA

The training, placement and counselling cell at the Government College of Commerce and Business Administration (GCCBA), Sector 50, organised a campus placement drive. A total of 22 companies participated in the event, and 230 students were shortlisted for placements.

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 12 APRIL 2024

## CAMPUS PLACEMENT DRIVE AT GCCBA

The training, placement and counselling cell at the Government College of Commerce and Business Administration (GCCBA), Sector 50, organised a campus placement drive. A total of 22 companies participated in the event, and 230 students were shortlisted for placements.

दैनिक भास्कर चंडीगढ़, वीरवार 18 अप्रैल, 2024

# कॉलेज ऑफ कॉमर्स में हुई स्पोर्ट्स मीट



**चंडीगढ़** | गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडिमिनिस्ट्रेटिव, सेक्टर-50 में युवा क्लब और स्टूडेंट काउंसिल ने कॉलेज कैम्पस में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया। इस दौरान इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल टूर्नामेंट करवाए गए। कॉलेज स्टूडेंट्स ने इन सभी मुकाबलों में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया और अपनी टीमों को जीत दिलाई। विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

चंडीगढ़ केसरी
शनिवार SATURDAY, 20 अप्रैल 2024

### पुरस्कार वितरण समारोह में 17 छात्रों को रोल ऑफ ऑनर से किया सम्मानित

# जीवन कौशल और मूल्यों को विकसित करने के महत्व पर छात्रों को दिए टिप्स

चंडीगढ़, 19 अप्रैल (आशीष): सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कालेज ऑफ बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन में 14वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज डेवलपमैंट काऊंसिल के डीन प्रो. संजय कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

डॉ. कौशिक का स्वागत प्रिंसीपल डा.संगम कपूर, कालेज डीन डॉ. अमर प्रीत सिंह सिजेर, वाइस प्रिंसीपल डॉ.वी.मगेश ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कौशिक ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ जीवन कौशल और मूल्यों को विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। 17 छात्रों को रोल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। 41 छात्रों को प्रतिष्ठित कॉलेज कलर से सम्मानित किया गया और 68 छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन करते हुए कालेज रजिस्ट्रार डॉ. वी. मगेश ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति के साथ समापन हुआ।



*प्रिंसीपल डॉ. संगम कपूर मुख्य अतिथि प्रो. संजय कौशिक का स्वागत करते हुए।*

ढ़, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 | 5
दैनिक भास्कर

# जीसीसीबीए -50 में 126, पीजीजीसी-46 में 450 स्टूडेंट सम्मानित

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

जीसीसीबीए-50 का एनुअल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम शुक्रवार को हुआ। पंजाब यूनिवर्सिटी के यूबीएस में प्रोफेसर (डॉ.) संजय कौशिक इस मौके पर चीफ गेस्ट थे। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संगम कपूर ने कॉलेज की एनुअल रिपोर्ट पढ़कर एकेडमिक सेशन 2023-2024 में स्टाफ और स्टूडेंट्स की अचीवमेंट्स के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान 17 स्टूडेंट्स को एकेडमिक्स, स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज में बेहतरीन योगदान के लिए रोल ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं 41 को कॉलेज कलर और 68 स्टूडेंट्स को एकेडमिक्स, स्पोर्ट्स, एनएसएस और को-कुरिकुलर एक्टिविटीज में अच्छी परफॉर्मेंस के लिए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट दिया गया।

## 20 स्टूडेंट्स को रोल ऑफ ऑनर और 116 को कॉलेज कलर मिला

चंडीगढ़ | पीजीजीसी-46 में 39वां एनुअल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन आयोजित किया गया। पंजाब में एडीजीपी इन्वेस्टिगेशन लोकपाल विभु राज चीफ गेस्ट थे। प्रिंसिपल डॉ. आभा सुदर्शन ने कॉलेज की एनुअल रिपोर्ट पढ़ी। आर्ट्स, कॉमर्स, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लिकेशंस में 450 ग्रेजुएट्स और पोस्ट ग्रेजुएट्स को प्राइज दिए गए। एकेडमिक्स, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज में 20 स्टूडेंट्स को रोल ऑफ ऑनर और 116 को कॉलेज कलर दिया गया।

अमर उजाला
सोमवार • 27.05.2024
amarujala.com/chandigarh
my city



## एनएसएस वॉलंटियरों ने की मतदान की अपील

चंडीगढ़। एनएसएस वॉलंटियरों ने अपील की है कि एक जून को मतदान करने पहुंचें। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडिमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर-50 के छात्र और एनएसएस वॉलंटियर घर-घर जाकर प्रेरित कर रहे हैं। वॉलंटियरों ने बताया कि देश के विकास के लिए अधिक से अधिक मतदान करें। हम भी पहली बार वोट के अधिकार का उपयोग कर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। लोकतंत्र के महापर्व में वोट की आहुति डालेंगे, किसी धर्म-जाति या अन्य कोई भी प्रलोभन में आए बिना देश और समाज के हित के लिए वोट देंगे। ब्यूरो

# 14वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में 126 स्टूडैंट्स सम्मानित



मुख्यतिथि का वैल्कम करते हुए प्रिंसिपल डा. संगम कपूर।

सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ : गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सैक्टर 50 में शुक्रवार को 14वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. डॉ. संजय कौशिक की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो शिक्षा जगत के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं और यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रोफैसर के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. कौशिक कॉलेज विकास परिषद के डीन के रूप में भी कार्य करते हैं और चंडीगढ़ में आईसीएसएसआर-उत्तर पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र में मानद निदेशक के पद पर हैं। डॉ. कौशिक का स्वागत करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संगम कपूर, डीन डॉ. अमर प्रीत सिंह सिजेर, वाइस प्रिंसिपल डॉ. वी. मगेश, बर्सर डॉ. बिक्रमजीत कौर और स्टाफ मौजूद थे। कॉलेज प्राचार्य के रूप में डॉ. संगम कपूर ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें 2023-2024 के शैक्षणिक सत्र के दौरान कर्मचारियों और छात्रों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया। डॉ. संजय कौशिक ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ जीवन कौशल और मूल्यों को विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनके असाधारण योगदान के लिए 17 छात्रों को रोल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया, जबकि 41 छात्रों को प्रतिष्ठित कॉलेज कलर से सम्मानित किया

# प्लेसमैंट ड्राइव में 230 स्टूडैंट्स शॉर्टलिस्ट



कंपनियों के प्रतिनिधि।

**सवेरा न्यूज/नीना** चंडीगढ़, 10 अप्रैल : जीसीसीबीए सैक्टर 50 के प्रशिक्षण, प्लेसमैंट और परामर्श सेल ने प्रिंसिपल डॉ.संगम कपूर प्रिंसिपल और डॉ.अमरप्रीत एस. सिजेर डीन के सराहनीय नेतृत्व, मार्गदर्शन और समर्थन के तहत एक कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम की देखरेख डॉ. आरती कौशल टीपीसी संयोजक ने की, साथ ही सम्मानित संकाय टीम के सदस्यों डॉ. कृति महाजन और मंजीत सिंह ने भी की। छात्र प्लेसमैंट समन्वयकों की समर्पित टीम ने अभियान के प्रबंधन और क्रियान्वयन में असाधारण जुनून और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में छात्रों की प्रभावशाली उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने भर्ती प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में कुल 22 प्रसिद्ध कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें एस्केलॉन, पटारी, टाइम्स ऑफ इंडिया, इंडसइंड, एसपीएम वेल्थ, बीआरजीएचटी एंड कंपनी, नोविक, हिटबुल्सआई, आदित्य बिड़ला, एलोसेंट, एईसीसी, एयू बैंक, टॉपरैंकर्स और टैलेंटग्रो जैसे नाम शामिल थे। कुल 230 छात्रों को विभिन्न डोमेन और कार्यों में प्लेसमेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 14 JUNE 2024

# Joint prospectus for colleges out

CHANDIGARH, JUNE 13

The UT Education Department on Thursday released the joint prospectus for admissions to government and privately managed aided colleges, including Regional Institute of Co-operative Management, Chandigarh, for the session 2024-25.

Sources said around 16,000 seats (12,185 for non-centralised and 3,830 for centralised courses) will be open for students of undergraduate courses. There will be around 3,000 seats for postgraduate course. Though the UT Higher Education Department didn't share the exact number of seats available in local colleges, the calculation has been made on the basis of the sale of college prospectus.

The last date for online submission of admission forms for all centralised courses will be July 1, while for non-centralised courses it is July 5. — TNS

दैनिक भास्कर चंडीगढ़, शुक्रवार 14 जून, 2024

# यूजी कोर्सेज... कॉलेजों में सेंट्रलाइज्ड एडमिशन के लिए ऑनलाइन जॉइंट प्रॉस्पेक्टस लॉन्च

## प्रॉस्पेक्टस में स्टूडेंट्स को एनईपी की बारीकियों को समझने में मदद करने के लिए वेबसाइट पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी अपलोड

एजुकेशन रिपोर्टर|चंडीगढ़

शहर के सभी 11 डिग्री कॉलेजों और रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव मैनेजमेंट में एडमिशन के लिए वीरवार को ऑनलाइन जॉइंट प्रॉस्पेक्टस लॉन्च हो गया। ऑनलाइन जॉइंट प्रॉस्पेक्टस में पंजाब यूनिवर्सिटी ने अपने एफिलिएट कॉलेजों में पहली बार शुरू की गई एनईपी 2020 के अनुसार यूजी क्लासेस में एडमिशन शामिल हैं। इस प्रॉस्पेक्टस में स्टूडेंट्स को एनईपी 2020 की बारीकियों को समझने में मदद करने के लिए वेबसाइट www.dhe.chd.gov.in पर पर एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन भी अपलोड किया गया है। इसमें सब्जेक्ट कॉम्बिनेशंस, क्रेडिट्स, वेल्यू एडिड कोर्सेज, एग्जिट, एंट्री पॉलिसीज आदि के बारे में बताया गया है। कुल बीबीए/बीसीए/बीकॉम की 3830 सीटों पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन पोर्टल के जरिए एडमिशन दिया जाना है। स्टूडेंट्स एक जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन जॉइंट प्रॉस्पेक्टस के अलावा सभी कॉलेजों ने अपनी वेबसाइट्स पर भी एडमिशन को लेकर सारी जानकारी अपलोड की है। दूसरी ओर नॉन-सेंट्रलाइज्ड कोर्सेज के अंतर्गत कुल 12185 सीटों पर एडमिशन दिया जाना है।

इस बार एडमिशन बीबीए/बीसीए/बीकॉम 3 ईयर डिग्री में तो होगी ही, इसके अलावा एनईपी 2020 के तहत बीबीए/बीसीए/बीकॉम (ऑनर्स) 4 ईयर्स और बीबीए/बीसीए/बीकॉम (ऑनर्स) विद रिसर्च 4 ईयर्स के लिए की जा सकेगी। पिछले हफ्ते शुक्रवार को फर्स्ट ईयर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी ने सभी कॉलेजों को एडमिशन गाइडलाइंस भेज दी थीं। साथ ही सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन के लिए वेल्यू एडेड और स्किल से जुड़े कोर्सेज की लिस्ट शेयर की गई थी। वहीं पिछले हफ्ते बुधवार को पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में हुई एकेडमिक काउंसिल की मीटिंग में सभी बैचलर्स डिग्री के कोर्सेज के लिए एनईपी के मुताबिक तैयार किए गए नए सिलेबस को पास कर दिया गया था। बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीएससी नॉन मेडिकल व बीएससी मेडिकल के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ हायर एजुकेशन की वेबसाइट से कनेक्टेड सेंट्रलाइज्ड एडमिशन पोर्टल पर फॉर्म जमा करवाना होंगे। बीएससी के लिए डिपार्टमेंट सिर्फ एक काउंसिलिंग करवाएगा। वहीं बीए की एडमिशन कॉलेज अपने स्तर पर करेंगे। ऑनलाइन जॉइंट प्रॉस्पेक्टस एडवाइजर राजीव वर्मा ने रिलीज किया। इस मौके पर सेक्रेटरी एजुकेशन अभिजीत विजय चौधरी, डायरेक्टर हायर एजुकेशन अमनदीप सिंह भट्टी, कोआर्डिनेटर ऑनलाइन जॉइंट प्रॉस्पेक्टस कम प्रिंसिपल पीजीजीसी-11 प्रो. पूनम अग्रवाल और प्रॉस्पेक्टस कमेटी मौजूद थी।

### ये रहेगा शेड्यूल ...

रजिस्ट्रेशन शुरू होगी- 13 जून दोपहर 1 बजे से
आखिरी डेट- एक जुलाई
आवेदकों की लिस्ट जारी होगी- 2 जुलाई शाम 5 बजे
कमियां स्पिक को बताने का समय- 4 जुलाई शाम 5 बजे
प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी- 8 जुलाई शाम 5 बजे
कॉलेज अलॉट होंगे- 10 जुलाई दोपहर 2 बजे

### पहला ऑनलाइन शेड्यूल

जनरल कैटेगरी में यूटी पूल व जनरल पूल- 12 जुलाई सुबह 10 बजे
रिजर्व कैटेगरी व सभी एडिशनल सीटें- 13 जुलाई सुबह 10 बजे
(दूसरी काउंसिलिंग सिर्फ बीबीए, बीसीए व बीकॉम के लिए)
जनरल कैटेगरी यूटी व जनरल पूल- 18 जुलाई सुबह 10 बजे से
रिजर्व कैटेगरी व एडिशनल सीटें- 19 जुलाई सुबह 10 बजे से

### नॉन-सेंट्रलाइज्ड कोर्सेज का शेड्यूल...बीए/बीएससी

| | |
|---|---|
| रजिस्ट्रेशन शुरू होगी- | 13 जून दोपहर 1 बजे |
| आखिरी डेट- | 5 जुलाई |
| आवेदकों की लिस्ट जारी होगी- | 6 जुलाई शाम 5 बजे |
| कमियां स्पिक को बताने का समय - | 8 जुलाई शाम 5 बजे |
| प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी - | 12 जुलाई शाम 5 बजे |
| कॉलेज अलॉट होंगे- | 15 जुलाई सुबह बजे |

### किस कॉलेज में कितनी सीटें...

| कॉलेज | बीबीए | बीसीए | बीकॉम | बीए |
|---|---|---|---|---|
| पीजीजीसीजी-11 | -- | 80 | 140 | 900 |
| पीजीजीसी-11 | 80 | 80 | 140 | 400 |
| पीजीजीसीजी-42 | -- | 80 | 140 | 600 |
| पीजीजीसी-46 | 40 | 40 | 140 | 600 |
| जीसीसीबीए-50 | 80 | 40 | 140 | -- |
| डीएवी-10 | 160 | 120 | 280 | 1000 |
| जीजीडीएसडी-32 | 120 | 120 | 350 | 1050 |
| देव समाज-45 | 40 | 80 | 140 | 400 |
| एमसीएम-36 | 40 | 80 | 280 | 1000 |
| एसजीजीएस-26 | 40 | 120 | 280 | 2200 |
| जीजीएसडब्ल्यू-26 | -- | 40 | 280 | 450 |
| आरआईसीएम-32 | -- | -- | 40 | -- |

अमर उजाला 05 ...jala.com/chandigarh my city
...mpus

# 11 कॉलेजों में स्नातकोत्तर की 3345 सीटें मनपसंद विषयों में छात्र कर सकेंगे आवेदन

## एक जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर



चंडीगढ़। शहर के 11 कॉलेजों में स्नातकोत्तर के विभिन्न कोर्सेज की कुल 3345 सीटों पर विद्यार्थी एक जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। सरकारी कॉलेजों में सबसे अधिक सीटें सेक्टर-11 के गर्ल्स कॉलेज और निजी कॉलेजों में एसजीजीएससी-26 में हैं। हालांकि विविध कोर्सेज की उपलब्धता सेक्टर-10 के डीएवी और एसडी कॉलेज में है।

सेक्टर-11 के पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज में स्नातकोत्तर की 310, गर्ल्स कॉलेज में 425, सेक्टर-42 के गर्ल्स कॉलेज में 200, सेक्टर-46 और 50 के गवर्नमेंट कॉलेज में 40-40 सीटें हैं। पांच सरकारी कॉलेजों में स्नातकोत्तर की कुल 1015 सीटें हैं, जिनमें से अधिकतर फैकल्टी ऑफ आर्ट्स की हैं। कुछ कोर्सेज बॉटनी, आईटी, फिजिक्स और जूलॉजी में मास्टर ऑफ साइंस के हैं। मास्टर इन फिजिकल एजुकेशन कोर्स सिर्फ सेक्टर-11 के उपलब्ध हैं। छह निजी कॉलेजों में स्नातकोत्तर की कुल 2330 सीटें हैं, जिनमें से कुछ पर पीयू से मान्यता मिलना बाकी है। निजी कॉलेजों में विद्यार्थियों के पास मास्टर ऑफ साइंस और मास्टर ऑफ वोकेशन करने के अधिक ऑप्शन हैं। विभिन्न विषयों में पीएचडी पीजीजीसी-11, पीजीजीसीजी-11, पीजीजीसीजी-42, डीएवी-10, एसडी-32 और एमसीएम-36 में उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी संबंधित कॉलेज के

अमर उजाला मिशन एडमिशन

### स्नातकोत्तर की सीटें

| कॉलेज | सीटें |
|---|---|
| पीजीजीसीज-11 | 310 |
| पीजीजीसीजी-11 | 425 |
| पीजीजीसीजी-42 | 200 |
| पीजीजीसी-46 | 40 |
| जीसीसीबीए | 40 |
| डीएवी-10 | 620 |
| जीजीडीएसडी-32 | 305 |
| देव समाज-45 | 100 |
| एमसीएम-36 | 400 |
| एसजीजीएस-26 | 745 |
| जीजीएससीडब्ल्यू | 160 |
| कुल | 3345 |

### दाखिले से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियां

- आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू-13 जून
- आवेदन करने की आखिरी तारीख-पांच जुलाई शाम पांच बजे तक
- आवेदकों की सूची जारी-6 जुलाई शाम 5 बजे
- आपत्ति दर्ज करने का समय-8 जुलाई 5 बजे से
- प्रोविजनल मेरिट सूची जारी-13 जुलाई 5 बजे
- दाखिला शुरू – 15 जुलाई 2024

**सरकारी कॉलेजों में इन विषयों में पीएचडी उपलब्ध :** शहर के पीजीजीसीजी-11 में छात्र केमिस्ट्री, नृत्य, अंग्रेजी, संगीत स्वर, संगीत वाद्य से पीएचडी कर सकते हैं। वहीं, पीजीजीसी-11 में व्यायाम शिक्षा और पीजीजीसीजी-42 से जूलॉजी में पीएचडी की जा सकती है।

### निजी कॉलेजों में इन विषयों में पीएचडी उपलब्ध

*डीएवी-10 में बायोटेक्नोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, जूलॉजी जबकि जीजीडीएसडी-32 में बायोटेक्नोलॉजी, केमिस्ट्री, कॉमर्स, अर्थशास्त्र और फिजिक्स विषय में पीएचडी की जा सकेंगी जबकि एमसीएम-36 में अंग्रेजी विषय ही पीएचडी के लिए उपलब्ध होगा।*



दाखिला प्रक्रिया गैर केंद्रीकृत तरीके के होने से विद्यार्थी निजी कॉलेजों की वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं। सरकारी कॉलेजों में आवेदन करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर बनाई पंजीकरण आईडी और पासवर्ड के जरिए एक से अधिक सरकारी कॉलेज में आवेदन कर सकते हैं लेकिन हर कोर्स के लिए अलग से फॉर्म भरना होगा।

चंडीगढ़ | शुक्रवार • 14.06.2024
amarujala.com/chandigarh

# कॉलेजों में यूजी कोर्सेज की 15,813 सीटों पर आवेदन शुरू

## उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए जारी किया संयुक्त प्रोस्पेक्टस, यूजी कोर्सेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति होगी लागू

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। शहर के 11 कॉलेजों और रीजनल इंस्टीट्यूट में यूजी के विभिन्न कोर्सेज की 15,813 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने वीरवार को सरकारी, सहायता प्राप्त कॉलेज और रीजनल इंस्टीट्यूट में सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए संयुक्त प्रोस्पेक्टस जारी किया।

विद्यार्थी अपने मनपसंद कोर्सेज और कॉलेज में दाखिला लेने के लिए एक जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट http://dhe.chd.gov.in/Version2/Index.aspx देख सकते हैं।

अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज की सरकारी कॉलेजों में कुल 4860 और सहायता प्राप्त कॉलेजों में 10,953 सीटें हैं। यूटी प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा ने शिक्षा सचिव अभिजीत विजय चौधरी, उच्च शिक्षा निदेशक अमनदीप सिंह भट्टी, प्रोस्पेक्टस को-ऑर्डिनेटर व पीजीजीसी-11 प्राचार्य प्रो. पूनम अग्रवाल और अन्य की उपस्थिति में जारी किया। प्रोस्पेक्टस में इस सत्र से कॉलेजों के अंडर ग्रेजुएट कोर्स में लागू हो रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यूजी, पीजी, डॉक्टरेट, डिप्लोमा कोर्स की सीटें, आवेदन प्रक्रिया, दाखिला कार्यक्रम आदि जानकारी सम्मिलित है। एनईपी-2020 के तहत विद्यार्थी किसी भी वर्ष अपनी डिग्री छोड़ सकते हैं और पर्याप्त क्रेडिट पूरे करने पर उन्हें उनकी की पढ़ाई का प्रमाणपत्र मिलेगा। तीन साल की जगह विद्यार्थी चार साल की डिग्री कर सकेंगे। हर साल पास होने के लिए विद्यार्थी को विषय अनुसार निर्धारित क्रेडिट पूरे करने होंगे।



संयुक्त प्रोस्पेक्टस जारी करते उच्च शिक्षा विभाग के पदाधिकारी। अमर उजाला

### दाखिला संबंधी हेल्पलाइन नंबर

## शहर के 10 कॉलेजों में 109 कैंडिडेट 40 हजार स्टूडेंट के भरोसे, फैसला आज...

**चंडीगढ़** | शहर के 10 कॉलेजों में वीरवार को 40 हजार के लगभग स्टूडेंट्स 109 कैंडिडेट्स का फैसला करेंगे। स्टूडेंट इलेक्शन कुल 11 कॉलेजों में होने थे, लेकिन सेक्टर-26 के गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर विमन में निर्विरोध रूप से कैंडिडेट चुन लिए गए। वहीं, आज सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर को 12 बजे तक कॉलेजों में वोटिंग होगी। इसके बाद कुछ ही घंटों में रिजल्ट आ जाएगा। वोटिंग के लिए स्टूडेंट्स को अपना आईकार्ड लाना होगा। इससे पहले बुधवार को वन-टू-वन कैंपेनिंग होती रही।

### इन कॉलेजों में इलेक्शन होगा...

- डीएवी-10
- एमसीएम डीएवी-36
- जीजीडीएसडी-32
- एसजीजीएस-26
- देव समाज कॉलेज-45
- पीजीजीसीजी-11
- पीजीजीसीजी-42
- पीजीजीसी-11
- पीजीजीसी-46
- जीसीसीबीए-50

### यूटी पुलिस के 1000 जवान संभालेंगे कमान...

एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि पीयू समेत कॉलेजों में कुल एक हजार के लगभग यूटी पुलिस के मुलाजिम तैनात रहेंगे। पीयू के गेट्स समेत कैंपस के अंदर व बाहर पुलिस की विशेष चेकिंग रहेगी। बिना आई कार्ड एंट्री नहीं होगी। कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में विशेष नजर रखी जाएगी। इसके अलावा पंजाब पुलिस बल भी पीयू में बुधवार को नजर आया। यूटी पुलिस के एक अफसर ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए पंजाब पुलिस का सहयोग लिया गया है। यूटी पुलिस के मुलाजिम सेक्टर-34 में किसानों के प्रदर्शन के चलते तैनात हैं।

{ STUDENT COUNCIL ELECTIONS }

Hindustan Times
5/09/2024

## The voting will start from 9.30 am and continue till 12 noon; results will be out by the evening

**Robert Abraham**
robert@hindustantimes.com

**CHANDIGARH :** Around 40,000 students from 10 city colleges affiliated to Panjab University (PU) will decide the fate of 109 candidates as PU goes for polls on Thursday.

While the city has 11 colleges, only 10 will be going to polls, as student council of Guru Gobind Singh College for Women, Sector-26, like previous year, has been elected unopposed.

Out of the 109 candidates, maximum of 15 candidates are in fray from Dev Samaj College for Girls, Sector 45. Post Graduate Government College for Girls (PGGCG), Sector 11, has 14 candidates; DAV, Sector 10, has 13, PGGCG-42 and PGGC-11 have 12; PGGC-46 has 11; MCM DAV College for Women, Sector 36 and GGDSD College, Sector 32 have nine candidates. Government College for Commerce and Business Administration, Sector 50 and Sri Guru Gobind Singh College, Sector 26, both have least eight candidates each.

The voting will take place between 9.30 am and 12 pm and students are directed to carry their student identity cards for voting.

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शुक्रवार, 06 सितंबर, 2024

# कॉलेजों में ये रहे नतीजे

## पीजीजीसी-11

**प्रेसिडेंट:** अभिमन्यु मान (एचएसए+एचपीएसयू) 1254 वोट
हरमनजीत सिंह 882
- **वाइस प्रेसिडेंट:** रिपुदमन सिंह 1100 वोट
- **सेक्रेटरी:** पीयूष धिरता 1289 वोट
- **जॉइंट सेक्रेटरी:** कीर्ति 1297 वोट

## डीएवी-10

**प्रेसिडेंट:** लवीश शेरावत (एचएसए+एचपीएसयू) 2004 वोट
अक्षदीप सिंह ढिल्लों 995 वोट
**वाइस प्रेसिडेंट:** मृणाल स्टेटा 2061 वोट
**सेक्रेटरी:** सौरव पंवार 1304 वोट
**जॉइंट सेक्रेटरी:** याइमा ओइनम 1828 वोट

## जीजीडीएसडी-32

**प्रेसिडेंट:** जतन जोत सिंह (एसडीसीयू+हिमसू) 1585 वोट
कृष डूमरा 987 वोट
**वाइस प्रेसिडेंट:** अंशुल गोस्वामी 1867 वोट
**सेक्रेटरी:** चिराग भरंता 1893 वोट
**जॉइंट सेक्रेटरी:** अर्चित जगलन 1708 वोट

## एसजीजीएससी-26

**प्रेसिडेंट:** अमन गोयत (केसीएसयू+जीजीएसयू) 1094 वोट
गुरवीर सिंह 942 वोट
**वाइस प्रेसिडेंट:** हर्षवीर सिंह L1044 वोट
**सेक्रेटरी:** रज्जी 1030 वोट
**जॉइंट सेक्रेटरी:** विश्वजीत सिंह 1009 वोट

## पीजीजीसी-46

**प्रेसिडेंट:** प्रवीण (एनएसयूआई+एचएसए) 382 वोट
चांदनी यादव 206 वोट
**वाइस प्रेसिडेंट:** डिंपल 423 वोट
**सेक्रेटरी:** अनिकेत भाटिया (निर्विरोध)
**जॉइंट सेक्रेटरी:** मानसी 362 वोट

## पीजीजीसीजी-11

**प्रेसिडेंट:** ज्योति 382 वोट
महक सहोता 309 वोट
**वाइस प्रेसिडेंट:** आरती 493 वोट
**सेक्रेटरी:** प्रियंका राणा 372 वोट
**जॉइंट सेक्रेटरी:** सिमरणजीत कौर 438 वोट

## पीजीजीसीजी-42

**प्रेसिडेंट:** प्रेरणा चौहान 590 वोट
आंचल शर्मा 436 वोट
**वाइस प्रेसिडेंट:** दिशा ठाकुर 630 वोट
**सेक्रेटरी:** कशिश 661 वोट
**जॉइंट सेक्रेटरी:** गगनप्रीत कौर 373 वोट

## एमसीएम डीएवी-36

**प्रेसिडेंट:** नैंसी सोमानी (निर्विरोध)
**वाइस प्रेसिडेंट:** प्रांचल 412 वोट
**सेक्रेटरी:** अमृता कौर संधू 382 वोट
**ज्वाइंट सेक्रेटरी:** आशरिया अजता 281वोट

## देव समाज कॉलेज फॉर विमन-45

**प्रेसिडेंट:** युविका
**वाइस प्रेसिडेंट:** अनन्या शर्मा
**सेक्रेटरी:** अनन्या शर्मा
**ज्वाइंट सेक्रेटरी:** दिपाली शर्मा

## जीसीसीबीए-50

**प्रेसिडेंट:** हरकमलजीत सिंह (एबीवीपी) 271 वोट
अर्श लूना 199 वोट
**वाइस प्रेजीडेंट:** मौलिक राय शर्मा 274 वोट
**सेक्रेटरी:** गौरांग 265 वोट
**ज्वाइंट सेक्रेटरी:** कृष गुलेरिया 251 वोट

## जीजीएससीडब्ल्यू-26

**प्रेसिडेंट:** ब्लेसी चावला
**वाइस प्रेसिडेंट:** महक
**सेक्रेटरी:** प्रभजोत कौर
**ज्वाइंट सेक्रेटरी:** खुशी

शुक्रवार • 06.09.2024 03
amarujala.com/chandigarh

# हरकमलजीत बने प्रधान, सिद्धू मूसेवाला के अंदाज में मनाया जीत का जश्न



समर्थकों संग जश्न में डूबे प्रधान हरकमलजीत सिंह। संवाद

**483**
छात्रों ने किया मतदान

चंडीगढ़। सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में हुए छात्र परिषद चुनाव में एबीवीपी आगे रही। एबीवीपी के हरकमलजीत सिंह को अध्यक्ष, गौरांग को सचिव व कृष्णा गुलेरिया को संयुक्त सचिव चुना गया है। वहीं, एनएसयूआई के मौलिक राय शर्मा को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। एबीवीपी ने जीत के बाद सिद्ध मूसेवाला के अंदाज में जीत का जश्न मनाया। कॉलेज में मतदान सुबह साढ़े नौ से लेकर 12 बजे तक हुआ। कॉलेज में छात्रों की संख्या कुल 826 है, जिसमें से 483 छात्रों ने मतदान किया। इसमें 31 वोट नोटा पड़े। वहीं, 33 वोट अमान्य कर दिए गए। कॉलेज में कुल मतदान प्रतिशत 58.47 प्रतिशत रहा। एबीवीपी के सदस्यों ने विजेताओं ने जीत के बाद मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के अंदाज में जांघों पर हाथ मारने के बाद हवा में लहराकर जश्न मनाया। संवाद

## 11. जीसीसीबीए-50

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | हरकमलजीत सिंह |
| उपाध्यक्ष | मौलिक राय शर्मा |
| महासचिव | गौरांग |
| संयुक्त सचिव | कृषा गुलेरिया |

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | FRIDAY | 6 SEPTEMBER 2024

## GOVT COLLEGE OF COMMERCE AND BUSINESS ADMINISTRATION, SECTOR 50

**President:** Harkamaljeet Singh
**Vice-president:** Maulik Rai Sharma
**General secretary:** Gaurang
**Joint secretary:** Krisha Guleria

चंडीगढ़ | शनिवार • 07.09.2024

अमर उजाला

# चुनाव में छात्रों की रुचि नहीं, कई कॉलेजों में बेहद कम हुआ मतदान

## एमसीएम डीएवी कॉलेज में 17, गर्ल्स कॉलेज-11 में 31 फीसदी विद्यार्थियों ने ही की वोटिंग

माई सिटी रिपोर्टर

**चंडीगढ़।** चुनाव में छात्र अधिक रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका सबूत है वीरवार को कॉलेजों में हुए कम मतदान। सेक्टर-36 के एमसीएसम डीएवी कॉलेज फॉर वुमन में महज 17 फीसदी और सेक्टर-11 के गर्ल्स कॉलेज में 31 फीसदी छात्राओं ने मतदान किया।

पीयू और शहर के 10 कॉलेजों में मतदान दर 50 प्रतिशत से कम रही। कुल 56,613 मतदाताओं में से 28,003 ने मत डाला। पीयू कैंपस की मतदाता दर 66.41 प्रतिशत रही।

वहीं, कॉलेजों में सबसे अधिक मतदान दर सेक्टर-11 के कोएड कॉलेज में 68.7 प्रतिशत देखी गई। सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में 8,800 छात्र पढ़ रहे हैं। इनमें से सिर्फ 3,306 अर्थात 37.5 प्रतिशत छात्रों ने मत डाला। सेक्टर-10 के डीएवी कॉलेज में 7,783 छात्र पढ़ रहे हैं, जिनमें आधे से भी कम 45.45 छात्रों ने वोट डाला।

दस में से छह कॉलेजों में मतदान दर 50 प्रतिशत से कम रही। इनमें सेक्टर-11 का गर्ल्स, एमसीएम, सेक्टर- 46 का कोएड, एसडी, डीएवी और सेक्टर-26 का श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज शामिल हैं। एसजीजीएस कॉलेज में 46 प्रतिशत और सेक्टर-46 के कोएड में 43.07 प्रतिशत छात्रों ने मतदान किया। सेक्टर-50 के जीसीसीबीए में 58.4 प्रतिशत, देव समाज कॉलेज फॉर वुमन में 65 और सेक्टर-42 के गर्ल्स कॉलेज में 52.54 प्रतिशत छात्रों ने पसंद के उम्मीदवार को चुना।

### सेक्टर-11 के कोएड कॉलेज में सबसे अधिक 68.7 प्रतिशत हुआ मतदान

**सबसे अधिक वोटर वाले कॉलेज एसडी और डीएवी में एक भी छात्रा नहीं हुई चुनाव में खड़ी :** 11 कॉलेजों में इस बार 68 छात्राएं चुनावी रण में थी, जिनमें से सेक्टर-26 के गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर वुमन में पूरा पैनल और सेक्टर-36 के एमसीएम कॉलेज में अध्यक्ष पद पर उम्मीदवार निर्विरोध जीत गई।

सबसे अधिक वोटर वाले कॉलेज एसडी और डीएवी में इस बार एक भी छात्रा उम्मीदवार खड़ी नहीं हुई। सेक्टर 26 के एसजीजीसी में दो छात्राएं उम्मीदवार थीं, जिनमें से एक ने जीत हासिल की।

सिर्फ कोएड कॉलेजों का डाटा लेकर चलें तो छात्राओं का चुनाव में प्रदर्शन बहुत कम रहा है। महिला कॉलेज होने के कारण आंकड़ों में बड़ा फर्क है।

### जानें कहां क्या है स्थिति

| कॉलेज | कुल मतदाता | मतदान | प्रतिशत छात्रा | उम्मीदवार | छात्रा विजेता |
|---|---|---|---|---|---|
| डीएवी कॉलेज-10 | 7783 | 3538 | 45.45% | 0 | 0 |
| पीजीजीसी-11 | 4160 | 2857 | 68.7% | 3 | 1 |
| पीजीजीजीसी-11 | 3920 | 1221 | 31% | 14 | 4 |
| जीजीएससी-26 | 4634 | 2138 | 46% | 2 | 1 |
| एसडी कॉलेज-32 | 8800 | 3306 | 37.5% | 0 | 0 |
| एमसीएम कॉलेज-36 | 4600 | 796 | 17.30% | 10 | 4 |
| देव समाज कॉलेज-45 | 1400 | 910 | 65% | 16 | 4 |
| पीजीजीसी-46 | 1957 | 843 | 43.07% | 6 | 2 |
| पीजीजीसीजी-42 | 2632 | 1383 | 52.54% | 12 | 4 |
| जीसीसीबीए-50 | 26 | 483 | 58.4% | 1 | 1 |

### पीयू छात्र परिषद में इस बार एक भी छात्रा नहीं

*पीयू छात्र परिषद में इस बार एक भी छात्रा शामिल नहीं हैं। पिछली बार सथ से रनमीक जोत ने उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी और हर पद पर छात्राएं चुनावी रणभूमि में थी। लेकिन इस बार सिर्फ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर छात्राओं ने चुनाव लड़ा। पीयू छात्र परिषद चुनाव में 24 उम्मीदवारों में से चार छात्राएं रहीं। अल्का, अर्पिता और सारा ने अध्यक्ष पद और शिवानी ने उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ा। हालांकि एबीवीपी से अर्पिता नौ उम्मीदवारों में से तीसरे नंबर पर रही और बेहतर प्रदर्शन किया।*

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में हुआ 70 यूनिट्स ब्लड एकत्र

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 19 सितंबर : गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सैक्टर 50 की एनएसएस इकाइयां, प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ और डीन अमरप्रीत एस. सिजेर के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ब्लड डोनेशन सोसाइटी, रेड रिबन क्लब, गवर्नमैंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 32, चंडीगढ़ के सहयोग से आज कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कुल 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ ने संकाय सदस्यों,



ब्लड डोनेट करते हुए।

एनएसएस स्वयंसेवकों और बाहरी प्रतिभागियों को इस नेक काम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर अमरप्रीत, डॉक्टर वी मंगेश वंदना जैन, डॉक्टर योगेश कुमार, डॉक्टर सुबीना सयाल, डॉक्टर गुरजिन्दर सिंह का सहयोग अति सराहनीय रहा। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से रमेश सुमन, वरीन्द्र कुमार, मदन लाल नागपाल, गोपिका मनोचा, हरकमल शर्मा व शत्रुघन कुमार मौजूद रहे। उन्होंने इस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सेक्टर 32 चंडीगढ़ के कर्मचारियों और विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास के प्रति आभार व्यक्त किया।

Fri, 20 September 2024
epaper.dainiksaveratimes.in/c/75884397

# गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में हुआ 70 यूनिट्स ब्लड एकत्रित

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (विशेष संवाददाता): गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर 50, चंडीगढ़ की एनएसएस इकाइयां, प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ और डीन श्री अमरप्रीत एस. सिजेर के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ब्लड डोनेशन सोसाइटी, रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाउंडेशन पंचकुला और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 32, चंडीगढ़ के सहयोग से आज कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कुल 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ ने संकाय सदस्यों, एनएसएस स्वयंसेवकों और बाहरी प्रतिभागियों को इस नेक काम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर अमरप्रीत,




चंडीगढ़ सेक्टर 50 गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में लगाए रक्तदान शिविर का दृश्य। (छाया : गुरिंद्र सिंह)


डॉक्टर वी मगेश वंदना जैन, डॉक्टर योगेश कुमार, डॉक्टर सुबीना सयाल, डॉक्टर गुरजिन्दर सिंह का सहयोग अति सराहनीय रहा। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से रमेश सुमन, वरीन्द्र कुमार, मदन लाल नागपाल, गोपिका मनोचा, हरकमल शर्मा व शत्रुघन कुमार मौजूद रहे।

उन्होंने इस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सेक्टर 32 चंडीगढ़ के कर्मचारियों और विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास जी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने आयोजन से संतुष्टि व्यक्त की और अपने योगदान के प्रभाव की बेहतर समझ प्राप्त की। दानदाताओं को विश्वास फाउंडेशन, पंचकुला, द्वारा जलपान, उपहार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दात्री संगठन और गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की एनएसएस इकाइयों ने एक रक्त स्टेम सेल दान शिविर की मेजबानी के लिए सहयोग किया। श्री अमित कुमार निदेशक यूथ सोशल ग्राम फाउंडेशन ने इस शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। आयोजन का मुख्य लक्ष्य रक्त कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, रक्तदान के मूल्य पर प्रकाश डालना और लोगों को अच्छे कारण के लिए रक्त देने के लिए प्रेरित करना था।

रक्तदान शिविर एक महत्वपूर्ण सफलता थी, जिससे जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त एकत्र करने के अपने लक्ष्य प्राप्त हुए। एनएसएस टीम सभी स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों की उनके योगदान के लिए सराहना करती है। भविष्य के शिविर अधिक दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए बढ़ी हुई पहुंच और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेंगे।


अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
20-Sep-2024
Page: 5
http://www.ajitsamachar.com/20240920/20/5/1_1.cms

# जीसीसीबीए 50 में 70 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



चंडीगढ़। सेक्टर 50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की एनएसएस इकाइयों ने प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ और डीन अमरजीत एम. मिंजा के नेतृत्व में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान सोसायटी, रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस चंडीगढ़, निष्काम फाउंडेशन और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। लगभग 100 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिसके परिणामस्वरूप 70 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। डॉ. ज्योति सेठ ने स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों को इस नेक कार्य में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और दानदाताओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए, जिन्हें निष्काम फाउंडेशन की ओर से जलपान भी मिला। इसके अतिरिक्त, एनजीओ के सहयोग से और मोहनलाल फाउंडेशन के अनिल कुमार द्वारा समर्थित एक रक्त स्टेम सेल दान शिविर आयोजित किया गया। डॉ. सेठ ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के कर्मचारियों और निष्काम फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# VADA Club hosts Workshop and Valedictory Programme on Drug Abuse at GCCBA

TDD NETWORK
CHANDIGARH

The VADA Club of GCCBA, under Central Government's Nasha Mukt Bharat Abhiyaan initiative, successfully organized a Workshop and Valedictory Program on Drug Abuse on April 9th, 2024. The day's events kicked off with a thought-provoking Quiz competition on drug abuse, drawing participation from 30 students. This was followed by a captivating talk by Dr. Devendar Kumar Rana, Assistant Professor of Clinical Psychology at PGIMER, Chandigarh. Dr. Rana's expertise and insights proved invaluable in promoting early intervention and recovery strategies.



The program also featured inspiring stories from the VADA Club's student coordinators, actively working towards this important cause. Over 80 students actively participated in the program. A highlight of the event was the recognition of outstanding student achievements. Trophies, certificates, and cash prizes were awarded to winners of various competitions held throughout the year by the VADA Club, including E-Poster Making, Quizzing and Reel Making.

The program also saw the grand unveiling of the VADA Club's new logo, a collaborative effort between our esteemed guest Dr. Devendar and Dean Dr. Amarpreet Singh. Principal Madam Dr. Jsangam Kapoor congratulated the prize winners. The core members of the VADA Club were acknowledged for their dedication, receiving certificates for their hard work. A powerful pledge, "Say Yes to Life, No to Drugs," was taken by all attendees, solidifying their commitment to a drug-free future. The program concluded with a heartfelt vote of thanks by Ms. Sandeep Kaur, Convenor of the VADA Club. Ms. Kaur expressed her appreciation for the tireless efforts put in by VADA Club members throughout the year, motivating them for continued success.

# चंडीगढ़ में 70 यूनिट खून एकत्रित

चंडीगढ़। गवर्नमेंट कालेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 चंडीगढ़ की एनएसएस इकाइयां, प्रिंसिपल डा. ज्योति सेठ और डीन अमरप्रीत एस सिजेर के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ब्लड डोनेशन सोसाइटीए रेड रिबन क्लबए रेडक्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और गवर्नमेंट मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर-32 चंडीगढ़ के सहयोग से आज कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कुल 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है। वहीं, दानदाताओं को विश्वास फाउंडेशन पंचकूला द्वारा जलपान व उपहार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

दिव्य हिमाचल

(ਚਮਕੌਰ ਸਾਹਿਬ • ਮੋਰਿੰਡਾ • ਸ

Chandigarh, Friday, 20 September 2024

# ਕਾਲਜ ਕੈਂਪਸ 'ਚ 70 ਯੂਨਿਟ ਖ਼ੂਨ ਇਕੱਤਰ

ਮੋਹਾਲੀ, 19 ਸਤੰਬਰ (ਜ.ਬ.) : ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜ ਆਫ਼ ਕਾਮਰਸ ਐਂਡ ਬਿਜ਼ਨੈੱਸ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਸੈਕਟਰ-50 ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਐੱਨ.ਐੱਸ.ਐੱਸ. ਯੂਨਿਟ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਜੋਤੀ ਸੇਠ ਅਤੇ ਡੀਨ ਅੰਮਰਪ੍ਰੀਤ ਡਾਕਟਰ ਸੀਜ਼ਰ ਦੀ ਪਰਿਵਰਤਨਸ਼ੀਲ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਵੀਰਵਾਰ ਨੂੰ ਕਾਲਜ ਕੈਂਪਸ 'ਚ ਬਲੱਡ ਡੋਨੇਸ਼ਨ ਸੁਸਾਇਟੀ, ਰੈੱਡ ਰਿਬਨ ਕਲੱਬ, ਰੈੱਡ ਕਰਾਸ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਫਾਊਂਡੇਸ਼ਨ ਪੰਚਕੂਲਾ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰੀ ਮੈਡੀਕਲ ਕਾਲਜ ਅਤੇ ਹਸਪਤਾਲ ਸੈਕਟਰ-32 ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ। ਇਸ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ 'ਚ ਕੁੱਲ 70 ਯੂਨਿਟ ਖ਼ੂਨ ਇਕੱਤਰ ਕੀਤਾ। ਕਾਲਜ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਜੋਤੀ ਸੇਠ ਨੇ ਖ਼ੂਨਦਾਨ ਕੈਂਪ ਨੂੰ ਸਫਲ ਬਣਾਉਣ 'ਚ ਡਾ. ਅਮਰਪ੍ਰੀਤ, ਡਾ. ਵੀ. ਮਾਗੇਸ਼ ਵੰਦਨਾ ਜੈਨ, ਡਾ. ਯੋਗੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ, ਡਾ. ਸੁਬੀਨਾ ਸਿਆਲ, ਡਾ. ਗੁਰਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦਾ ਸਹਿਯੋਗ ਸ਼ਲਾਘਾਯੋਗ ਰਿਹਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਫਾਊਂਡੇਸ਼ਨ ਤੋਂ ਰਮੇਸ਼ ਸੁਮਨ, ਵਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਮਦਨ ਲਾਲ ਨਾਗਪਾਲ, ਗੋਪਿਕਾ ਮਨੋਚਾ, ਹਰਕਮਲ ਸ਼ਰਮਾ ਅਤੇ ਸ਼ਤਰੂਘਨ ਕੁਮਾਰ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।



ਖ਼ੂਨਦਾਨੀਆਂ ਦੀ ਹੌਸਲਾ ਅਫ਼ਜਾਈ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਪ੍ਰਬੰਧਕ। (ਉੱਜਲ)

ਮੁਕਾਬਲੇ | 'ਖੇਡਾਂ ਵਤਨ ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ-2024'

पंजाब केसरी FRI,20 SEPTEMBER 2
EDITION: CHANDIGAI

# शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

चंडीगढ़, 19 सितंबर (पाल): गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन सैक्टर-50 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रिंसीपल डॉ. ज्योति सेठ और डीन अमरप्रीत एस. सिजेर के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ब्लड डोनेशन सोसायटी, रेड रिबन क्लब, रैडक्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाऊंडेशन पंचकूला और गवर्नमैंट मैडीकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सैक्टर-32 के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कुल 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर अमरप्रीत, डॉक्टर वी. मगेश वंदना जैन, डॉक्टर योगेश कुमार, डॉक्टर सुबीना सयाल, डॉक्टर गुरजिन्दर सिंह का सहयोग अति सराहनीय रहा।

# प्रशासन की निष्क्रियता और जनविरोधी निर्णयों के कारण चंडीगढ़ की जनता से जुड़े कई मुद्दे हुए जटिल और पेचीदा : राजीव शर्मा



राजीव शर्मा।



मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के बाद यादगारी तस्वीर करवाते हुए खिलाड़ी। (छाया : कमलजीत सिंह)

# दृष्टिबाधितों और साइटेड के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित

दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की एथलेटिक प्रतिभा देख कर दर्शक हुए दंग

# चीन को शांति देनी चाहिए

# पक्की नौकरी लगाना तो दूर, हरियाणा में बीजेपी सरकार पक्की नौकरियों को कच्चे में बदल रही है : दीपेन्द्र हुड्डा



# नीरज ने टूर्नामेंट का जड़ा दूसरा शतक, ऐलेंजर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट का आठवें दिन में प्रवेश



क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। (छाया : कमलजीत सिंह)



स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेक्टर-50 सरकारी कॉलेज में पौधारोपण करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मंजीत कौर व अन्य। (छाया : कमलजीत सिंह)

# गवर्नमेंट कॉलेज फॉर बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 के स्वच्छ भारत मिशन ने एसबीआई के सहयोग से चलाया पौधारोपण अभियान

DESH PYAR 4...








एओसी मेंटेनेंस कमांड का 3 बीआरडी चंडीगढ़ का पहला दौरा संपन्न



गवर्नमेंट कॉलेज फॉर बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर 50 के स्वच्छ भारत मिशन द्वारा एसबीआई के सहयोग से चलाया गया वृक्षारोपण अभियान



पंचकूला के अर्जुन सिंह भाटिया ने गोल्फ हरियाणा एमेच्योर और जूनियर टूर्नामेंट जीता




गरीब सफाई कर्मचारियों का दमन करना चाहती है भाजपा-मनीष बंसल



प्रदेश सरकार ने 10 माह में राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से 1,87,565 राजस्व मामलों का निपटारा किया: मुख्यमंत्री

केवल जुलाई माह में ही 31,500 राजस्व मामले निपटाए

गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र में छः दिवसीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर (लड़कों के लिए) का समापन




स्टेट लेवल जेआरसी कैंप - राज्य स्तरीय शिविर में प्रशिक्षित हो रहे युवा



20/09/2024

# गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में हुआ 70 यूनिट्स ब्लड एकत्र




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर 50, चंडीगढ़ की एनएसएस इकाइयां, प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ और डीन श्री अमरप्रीत एस. सिजेर के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ब्लड डोनेशन सोसाइटी, रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाउंडेशन पंचकुला और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 32, चंडीगढ़ के सहयोग से आज कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कुल 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ ने संकाय सदस्यों, एनएसएस स्वयंसेवकों और बाहरी प्रतिभागियों को इस नेक काम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर अमरप्रीत, डॉक्टर वी मगेश  वंदना जैन, डॉक्टर योगेश कुमार, डॉक्टर सुबीना सयाल, डॉक्टर गुरजिन्दर सिंह का सहयोग अति सराहनीय रहा। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से रमेश सुमन, वरीन्द्र कुमार, मदन लाल नागपाल, गोपिका मनोचा, हरकमल शर्मा व शत्रुघन कुमार मौजूद रहे।

चंडीगढ़ | शुक्रवार • 20.09.2024

अमर उजाला

## एनएसएस यूनिट ने दिया रक्तदान का संदेश

चंडीगढ़। सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के एनएसएस यूनिट ने वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसका उपयोग अस्पतालों में रक्त की कमी से जूझने वाले मरीजों के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

शिविर का आयोजन कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ ज्योति सेठ,डीन अमरप्रीत एस सीझ ने रक्तदान सोसाइटी रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस और विश्वास फाउंडेशन के साथ मिलकर किया। शिविर में करीब 100 लोगो ने पंजीकरण कराया। रक्तदाता को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रमाणपत्र भी दिए गए। इस अवसर पर डॉ. सेठ ने विद्यार्थियों और स्टाफ के सहयोग की सरहाना की। संवाद



सेक्टर-50 स्थित कॉलेज में लगाए शिविर में रक्तदान करते युवा। संवाद

## शिविर में 62 युवाओं ने किया रक्तदान

दैनिक भास्कर. CHANDIGARH, FRIDAY, 20/09/2024

## गवर्नमेंट कॉलेज से.- 50 में लगा ब्लड डोनेशन कैंप, 70 यूनिट रक्त एकत्रित

चंडीगढ़|गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर- 50, चंडीगढ़ की एनएसएस इकाइयां, प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ और डीन अमरप्रीत एस सिजेर के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ब्लड डोनेशन सोसाइटी, रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस चंडीगढ़, विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर-32 के सहयोग से आज कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर कुल 70 यूनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ज्योति सेठ ने संकाय सदस्यों, एनएसएस स्वयंसेवकों और बाहरी प्रतिभागियों को इस नेक काम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर अमरप्रीत, डॉक्टर वी मगेश वंदना जैन, डॉक्टर योगेश कुमार, डॉक्टर सुबीना सयाल, डॉक्टर गुरजिंदर सिंह का सहयोग अति सराहनीय रहा। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से रमेश सुमन, वरीन्द्र कुमार, मदन लाल नागपाल, गोपिका मनोचा, हरकमल शर्मा व शत्रुघन कुमार मौजूद रहेइस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने आयोजन से संतुष्टि व्यक्त की। दानदाताओं को विश्वास फाउंडेशन, पंचकूला द्वारा जलपान, उपहार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।




### ब्लड कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाई

दात्री संगठन और गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की एनएसएस इकाइयों ने एक रक्त स्टेम सेल दान शिविर की मेजबानी के लिए सहयोग किया। अमित कुमार निदेशक यूथ सोशल ग्राम फाउंडेशन ने इस शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। आयोजन का मुख्य लक्ष्य रक्त कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, रक्तदान के मूल्य पर प्रकाश डालना था। रक्तदान शिविर एक महत्वपूर्ण सफलता थी, जिससे जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त एकत्र करने के अपने लक्ष्य प्राप्त हुए। एनएसएस टीम सभी स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों की उनके योगदान के लिए सराहना करती हैं। भविष्य के शिविर अधिक दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए बढ़ी हुई पहुंच और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

20/09/2024

The event was graced by the  the club's commitment to service.

# 70 Donors donate Blood at GCCBA50





**THE AMAN SANDESH TIMES**

**Chandigarh :** The NSS Units of Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh, organized a successful Blood Donation Camp today, under the leadership of Principal Dr.Jyoti Seth and Dean Mr. Amarpreet S. Sijher. Collaborating with the Blood Donation Society, Red Ribbon Club, Red Cross Chandigarh, Vishvas Foundation, and Government Medical College and Hospital, the camp aimed to promote voluntary blood donation and dispel related myths. Approximately 100 donors registered, resulting in the collection of 70 units of blood.

Dr.Jyoti Seth encouraged faculty, NSS volunteers, and community members to participate in this noble cause and expressed appreciation for the donors' contributions. She presented certificates and gifts to participants, who also received refreshments from Vishvas Foundation. Additionally, a blood stem cell donation camp was held in collaboration with DATRI and supported by Mr. Amit Kumar from the Socialgram Foundation. Dr. Seth extended her gratitude to the staff of Government Medical College and Hospital and Vishvas Foundation for their vital roles in organizing the event.

दैनिक भास्कर, CHANDIGARH, WEDNESDAY, 25/09/2024

# हेल्थ कैंप में 200 से अधिक स्टूडेंट्स ने करवाया चेकअप



चंडीगढ़ | गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की एनएसएस यूनिट ने कॉलेज के रेड रिबन क्लब के साथ मिलकर चार दिवसीय मेडिकल कैंप लगाया। स्टूडेंट्स के वजन, लंबाई की जांच के साथ ही डायबिटीज और हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर जैसे अनेक टेस्ट करवाए गए। प्रिंसिपल डॉक्टर ज्योति सेठ ने स्टूडेंट्स को सुबह-सुबह नाश्ता कर एवं अच्छे आहार लेकर आने की नसीहत दी। कैंप में सेक्टर-50 की सरकारी डिस्पेंसरी से टीम आई थी। 200 से अधिक स्टूडेंट्स ने हेल्थ चेकअप करवाया।

2 दैनिक जागरण चंडीगढ़, 25 सितंबर, 2024

# नशे से बचाव के लिए किया जागरूक

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : सेक्टर-50 गवर्नमेंट कालेज आफ कामर्स एंड बिजनेस एडमिनीस्ट्रेशन में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं के बीच नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता कालेज के वादा क्लब ने कराई। जिसका थीम अपने सहयोगियों में नशे को कैसे रोका जा रहा था। कालेज में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रियल मेकिंग कंपिटिशन आयोजित किए गए, जिसका मुख्य मुख्य उद्देश्य अपने सहयोगियों में ड्रग्स को रोकना था और इस कंपिटिशन में काफी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम वादा क्लब इंचार्ज गुरजिंदर सिंह और डाक्टर संदीप कौर की देखरेख में हुआ।



सेक्टर-50 गवर्नमेंट कालेज आफ कामर्स एंड बिजनेस एडमिनीस्ट्रेशन में पोस्टर मेकिंग में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स प्रो. गुरजिंदर सिंह और डा. संदीप कौर के साथ • आयोजक

**CHANDIGARH Tribune**

CHANDIGARH | TUESDAY | 29 OCTOBER 2024

## GCCBA, SECTOR 50

**Chandigarh:** An interactive session on Career Growth and Personality Development was organised in Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50. Suresh Kumar Gupta, former Head of Finance, HAFED, discussed the four personality types — choleric, melancholy, sanguine and phlegmatic. He shared practical tips for navigating workplace dynamics and improving interpersonal skills. Additionally, a personality test was offered to interested students, helping them assess their traits and improve self-awareness. Over 70 students participated in this interactive event, gaining valuable insights for their future professional environment.

चंडीगढ़, 13 नवंबर, 2024 दैनिक जागरण 3

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरुक



सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कामर्स कालेज के वादा क्लब के विद्यार्थियों और स्टाफ ने गवर्नमेंट स्कूल सेक्टर-50 के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को लेकर जागरुक किया। क्लब कनवीनर गुरजिदर सिंह ने बच्चों जानकारी दी।

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, रविवार 03 नवंबर, 2024

# ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए एनएसएस वॉलंटियर्स किए सम्मानित



चंडीगढ़| सेवा परमो धर्म के उद्देश्य के लिए काम करने वाले गवर्नमेंट कॉलेज आफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 के एनएसएस वॉलंटियर्स को सम्मानित किया गया। इन वॉलंटियर्स ने 28 29 और 30 अक्टूबर को चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस की सहायता की। कॉलेज के इन 15 स्टूडेंट्स की टीम को अलग-अलग स्थान पर जिनमें, सेक्टर-22 की शास्त्री मार्केट, सेक्टर-19 पालिका बाजार, एलांते मॉल, सेक्टर 18 इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, सेक्टर-34 मार्केट और सेक्टर 7 की मार्केट शामिल हैं। इन्होंने ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलने में सहायता की। इस प्रयास के लिए कॉलेज के एनएसएस वॉलंटियर्स को प्रेरणा कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.ज्योति सेठ ने दी। उन्होंने इस प्रयास में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स का मनोबल और उत्साह भी बढ़ाया। इससे स्टूडेंट्स को ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली का भी पता चला। इसके साथ ही एवं पुलिस और आम जनता के बीच व्यवहार सुधारने के लिए यह एक अच्छा कदम भी साबित हुआ।

CHANDIGARH Tribune

CHANDIGARH | THURSDAY | 21 NOVEMBER 2024

# CAMPUS NOTES

## GOVT COLLEGE OF COMMERCE, CHD

A total of 250 students from the college enrolled in a one-day 'Voters' Camp'. The camp was organised by the Electoral Literacy Club in collaboration with AERO 09, under the supervision of Dinesh Rana, Election Officer, South Division, Chandigarh.

अमर उजाला

बुधवार • 18.12.2024

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति किया जागरूक

चंडीगढ़। सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में कर्मचारी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति जागरूक हुए। कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति की ओर से जागरूकता सत्र का आयोजन किया। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में प्रेक्टिस कर रहीं अधिवक्ता सौम्य सत्र में मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने ने प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 की आवश्यकता और शुरुआत के बारे में बताया। ब्यूरो

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024

## कार्यस्थल पर उत्पीड़न को रोकने के बारे में किया जागरुक

चंडीगढ़| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की आंतरिक शिकायत समिति ने कॉलेज कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता सेशन का आयोजन किया। इसकी परिकल्पना प्रिंसिपल प्रो. ज्योति सेठ ने की। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में प्रैक्टिस करने वाली कानूनी विशेषज्ञ एडवोकेट सौम्या अतिथि वक्ता थीं। उन्होंने पॉश की आवश्यकता और उत्पत्ति, शिकायतकर्ताओं और प्रतिवादियों दोनों के अधिकारों, आंतरिक शिकायत समिति की संरचना, इसमें शामिल प्रक्रियात्मक चरणों और उपलब्ध कानूनी उपायों के बारे में बताया। सेशन में एक इंटरेक्टिव क्विज शामिल था, जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने संसाधन व्यक्ति के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया।

CHANDIGARH Tribune

CHANDIGARH | WEDNESDAY | 18 DECEMBER 2024

## GCCBA, SECTOR 50

The Internal Complaints Committee of Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, organised awareness session for college employees. Advocate Saumya, a legal expert practicing at the Punjab and Haryana High Court, was the guest speaker. She explained the need and origin of the POSH Act, the rights of complainants and defendants, the structure of the Internal Complaints Committee and legal remedies.

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | SUNDAY | 22 DECEMBER 2024

## GCCBA, SECTOR 50

The Government College of Commerce and Business Administration (GCCBA), Sector 50, celebrated World Meditation Day. An event aimed to promote the benefits of meditation for mental well-being and stress relief was also organised. The event highlighted how meditation can enhance focus, productivity, and overall happiness. It encouraged everyone to integrate meditation into their routines for a balanced life.

Punjab Kesari 22/12/2024

# दैनिक जीवन में ध्यान का महत्व समझाया

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (आशीष): सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन में कॉलेज स्टाफ द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य मानसिक कल्याण और तनाव से राहत के लिए ध्यान के लाभों को बढ़ावा देना था। दिन की शुरुआत ध्यान के परिचय के साथ हुई, जिसमें दैनिक जीवन में इसके महत्व को समझाया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक डॉ. मीनाक्षी गुप्ता के नेतृत्व में एक सत्र का आयोजन किया गया और मार्गदर्शन दिया।

दैनिक भास्कर
चंडीगढ़, बुधवार 25 दिसंबर, 2024 | 02

यातायात जागरूकता अभियान

# हेलमेट का महत्व और सीट बेल्ट पहनने के फायदे बताए




चंडीगढ़ | गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (जीसीसीबीए), चंडीगढ़ ने ट्रैफिक पुलिस और पुलिस ट्रैफिक अवेयरनेस टीम के सहयोग से सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए ट्रैफिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में हेलमेट के महत्व, सीट बेल्ट, गति सीमा और नशे में गाड़ी चलाने के खतरों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सेशंस आयोजित किए गए। स्टूडेंट्स ने यातायात नियम प्रश्नोत्तरी, पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिताओं और दुर्घटना प्रतिक्रिया का प्रदर्शन करने वाली मॉक ड्रिल जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान में यातायात नियमों के पालन में युवाओं को रोल मॉडल के रूप में कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। गेस्ट स्पीकर्स ने नए यातायात प्रयासों और उल्लंघनों के लिए जुर्माने के बारे में बताया।

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, मंगलवार 31 दिसंबर, 2024

# इस साल पूरे हुए प्रोजेक्ट, जिनसे लोगों को मिलेगा फायदा

• सेक्टर-46 गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में 8.66 करोड़ से चार मंजिला आईटी ब्लॉक बनाया गया है। इसके बनने से कॉलेज में आईटी की क्लासेज लगाने के लिए पर्याप्त स्पेस हो जाएगा। इस कॉलेज में दूसरे स्ट्रीम बीसीए की क्लासेज लगाने के लिए स्पेस था लेकिन इसके लिए स्पेस नहीं था। अब आईटी ब्लॉक में कंप्यूटर लैब होंगी जिसमें स्टूडेंट्स को पढ़ने के लिए पर्याप्त सुविधा होगी।

• गवर्नमेंट कॉलेज फॉर कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्टर 50 में 23 करोड़ की लागत से लड़के और लड़कियों के लिए चार मंजिला हॉस्टल बनाया जा चुका है। चार मंजिला हॉस्टल बनने से स्टूडेंट्स को हॉस्टल ही सुविधा होने लगेगी। दोनों ही ब्लॉक एक दूसरे से सटे हुए हैं।

• धनास से न्यू चंडीगढ़ को जोड़ने के लिए 10 करोड़ से सवा किलोमीटर रोड बनाई गई है। हालांकि कुछ कारणों से रोड को एक साइड से ही खोला गया है। इस रोड के बनने से न्यू चंडीगढ़ में रहने वालों चंडीगढ़ से जाने के लिए नया रोड मिल गया। वहीं, इस रोड से पंजाब और हिमाचल के लिए बसें भी चलने लगेंगी लेकिन नदी पर पंजाब सरकार की ओर से ब्रिज बनाया जा रहा है। इसके बनते ही यह रोड मुल्लांपुर के रोड से 3 किलोमीटर शॉर्ट होगा। वहीं खरड़ की ओर जाने वाले व्हीकल इसी रोड से कुराली तक निकलने लगेंगे। उन्हें 6 किलोमीटर शॉर्ट रूट पड़ेगा।

• शहर में 186 नए बस क्यू शेल्टर 7.32 करोड़ से बनकर तैयार हो चुके हैं। इनके बनने से शहर के लोगों को बरसात और धूप में खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इन बस क्यू शेल्टर पर बाकायदा बसों के समय की जानकारी के लिए एलईडी स्क्रीन लगी हैं जिनसे बसों के आने-जाने की समय की जानकारी मिलने लगी है।

• सेक्टर 39 में गवर्नमेंट स्कूल की एक चार मंजिला बिल्डिंग बनाई गई है। इसके बनने से स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब, साइंस लैब, स्टेम लैब, फाइन आर्ट लैब और रिटेल लैब खुलेंगी। इनका स्कूल के स्टूडेंट्स को फायदा होगा। वहीं स्कूल में स्पेस कम पड़ने से डबल शिफ्ट चल रही थी, इस नए ब्लॉक के बनने से सिंगल शिफ्ट में स्कूल चलने लगेगा। प्रशासन की ओर से स्कूल को अपग्रेड करके प्लस टू तक कर दिया गया था लेकिन स्पेस पर्याप्त नहीं होने की वजह से डबल शिफ्ट में स्कूल चला दिया गया था।